# 2 साल पुराने वर्क ऑर्डर पर अजमेर रोड पर सड़क बनवाने पर क्यों आमादा हैं जे.डी.ए. के इंजीनियर?

## इस सड़क की अच्छी-खासी स्थिति देखते हुए पूर्व जे.डी.ए. आयुक्त मंजू राजपाल ने रोड निर्माण पर लगाई थी रोक

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट से अजमेर रोड पुरानी चुंगी तक सड़क अच्छी-खासी स्थिति में होने के बावजूद जे.डी.ए. के इंजीनियर्स इसे दुबारा बनाने पर आमादा है। ठेकेदारों पर मेहरबानी इस कदर है कि 2 वर्ष पुराने वर्क ऑर्डर पर ही सड़क बनाने का काम शुरू करवा दिया। जबकि जे.डी.ए. की पूर्व कमिश्नर मंजू राजपाल के संज्ञान में जब यह प्रकरण आया था, तब उन्होंने सड़क की जांच करवाई थी, जिसमें इंजीनियर्स की टीम ने कहा था कि कुछ-कुछ जगहों पर रोड टूटी है, जिसे पेचवर्क से ठीक कराया जा सकता है। इसके बाद मंजू राजपाल ने सड़क निर्माण रूकवा दिया था। लेकिन अब जैसे ही जे.डी.ए. में कमिश्नर बदली तो जोन-7 के इंजीनियर्स ने यह रोड बनाने का काम वापस शुरू कर दिया।

सूत्रों की मानें तो जे.डी.ए. के जोन-7 के इंजीनियर्स इन दिनों अजमेर रोड पर पुलिस कमिश्नरेट के सामने सड़क की रि-कारपेंटिंग के नाम पर पुनः डामर सड़क बना रहे हैं। सड़क बनाने का यह काम करीब 2 वर्ष पूर्व में लटाला कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला था, जिसे आर.एम. कंस्ट्रक्शन को सबलेट कर दिया गया। इस टैंडर की समयावधि भी लगभग खत्म हो चुकी थी।

चूंकि यह टैंडर करीब 18-20 प्रतिशत ऊंची दर पर ठेकेदार फर्म को मिला था, इसलिए इंजीनियर्स ने इस पुराने टैंडर में सड़क बनवाने में खास रूचि दिखाई और पहले तो इस सड़क पर पेचवर्क के नाम पर घटिया डामर व रोडी-कंक्रीट बिछाई गई, जो कि 2-4 दिनों में ही बिखर गई। फिर इस सड़क को जर्जर बताकर नई सड़क बनाने का खेल शुरू हुआ।

करीब 7 करोड़ की लागत से रोड रि-कारपेंटिंग के नाम पर बेवजह पैसा बहाने का मामला जैसे ही पूर्व जे.डी.ए. कमिश्नर मंजू राजपाल की नजर में आया तो उन्होंने अभियांत्रिकी निदेशक अजय गर्ग से इस सड़क के बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। इसके बाद अजय गर्ग ने एक कमेटी गठित कर सड़क की मौजूदा स्थिति जांचने के लिए कहा। इंजीनियर्स की इस कमेटी ने पुलिस कमिश्नरेट के सामने विशाल मेगा मार्ट से लेकर अजमेर रोड पुरानी चुंगी तक की सड़क का निरीक्षण किया और अपनी रिपोर्ट सौंपी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि, यह सड़क सिर्फ कुछ-कुछ जगहों पर खराब है, बाकी इसकी हालत अच्छी है, जहां पर रोड टूटी हुई है, वहां पेचवर्क से काम चल सकता है। यह रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद मंजू राजपाल ने इस सड़क निर्माण पर रोक लगा दी थी।

अब जे.डी.ए. में आयुक्त बदलने के बाद जोन-7 के इंजीनियर्स ने पूर्व कमिश्नर की रोक को छिपाते हुए यह सड़क पुनः बनाने का खेल शुरू कर दिया। शायद ऐसा लगता है कि इंजीनियर्स भी जेडीए आयुक्त बदलने का ही इंतजार कर रहे थे। मजेदार बात यह है जे.डी.ए. जोन-7 के अधिशाषी अभियंता तरूण सिंघल ने पिछले दिनों अजमेर रोड पर कई जगहों पर पेचवर्क कराए थे, लेकिन ठेकेदारों के भरोसे काम छोड़ने का नतीजा यह रहा कि यह पेचवर्क एक ही रात में बिखर गए। इसके बाद जब अगले दिन समाचार पत्रो में यह पोल खुली तो मौके पर रोडी-कंक्रीट को हटाया गया।

इसके अलावा जोन-7 के द्वारा वैशालीनगर, करधनी, लालरपुरा, गांधीपथ, सिरसी रोड पर जहां-जहां सड़क बनाने काम काम हुआ, वहां भी ऐसे ही कारनामे सामने आये थे। सूत्रों की मानें तो जेडीए जोन-7 के इंजीनियर अपने क्षेत्र में जरूरत वाली सड़कों को बनाने के बजाय जानबूझकर अच्छी हालात वाली सड़कों पर डामर पोतने में लगे हैं। क्वींस रोड पर बनी हुई अच्छी और बेहतर सड़क पर फिर नए सिरे से डामर कर रि-कारपेटिंग करने के टेंडर जारी कर दिए।



अजमेर रोड पर पुलिस कमिश्नरेट के सामने अच्छी-खासी सड़क पर जे.डी.ए. के इंजीनियर्स ने मंगलवार रात को नई डामर सड़क बना दी।

- **बताया जा रहा है कि सड़क निर्माण का यह ठेका करीब 18-20 प्रतिशत ऊंची दर पर ठेकेदार को मिला था, इसलिए टैंडर की समयावधि निकलने के बाद भी रोड बनवाने में रूचि दिखा रहे थे जोन-7 के इंजीनियर**
- **जे.डी.ए. में कमिश्नर बदलते ही इंजीनियर्स शाखा में सड़क निर्माण की यह फाइल पुनः सरपट दौड़ी और रातोंरात सड़क बनवाने का काम शुरू कर दिया गया**
- **मजेदार बात यह है कि यह सड़क कुछ-कुछ जगहों पर क्षतिग्रस्त हुई थी, जहां पर जे.डी.ए. ने पिछले दिनों पेचवर्क कराए थे, लेकिन वह इतने घटिया थे कि एक ही रात में रोडी-कंक्रीट निकलकर बिखर गई थी**

> **एक माह से अवकाश पर था, आज ही ज्वॉइन किया है। 2 वर्ष पुराने टैंडर पर सड़क बनाई गयी है या नया टैंडर किया गया है, इस बारे में कल जानकारी दे सकूंगा।**
>
> अजय कुमार गर्ग
> अभियांत्रिकी निदेशक, जेडीए

# सेक्सटॉर्शन के मामले में युवक-युवती गिरफ्तार

- **आरोपियों ने पुलिस पर जानलेवा हमला किया, चाकू बरामद**

**जयपुर (कासं)।** प्रतापनगर थाना पुलिस ने सेक्सटोर्शन के मामले में एक युवक और युवती को अरेस्ट किया है। पकड़ने गई पुलिस पर आरोपियों ने जानलेवा हमले का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार जगतपुरा निवासी एक युवक ने मामला दर्ज करवाया कि संदीप शर्मा उर्फ सिराज व उसकी महिला मित्र उसे सेक्सटॉर्शन कर पैसे की मांग कर ब्लैकमेल कर रहे है। आरोपी उसे आरयूएचएस के सामने बुला रहे है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस पर एक टीम का गठन कर मौके पर भेजा गया। जहां पर एक युवक को पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी ने पुलिस ने हमले का प्रयास किया।

आरोपी ने कांस्टेबल शंकर के सीने और गणेश के सिर पर चाकू से वार कर दिया। आरोपी को खण्डेलवाल ढाबे के सामने राणा सांगा मार्ग प्रतापनगर से डिटेन कर पूछताछ की गई। इस मामले में संदीप शर्मा व उर्फ सिराज व रूबी को गिरफ्तार कर अनुसंधान किया गया। आरोपी संदीप शर्मा उर्फ सिराज व रूबी लिव इन में करीब दो साल से जयपुर में रह रहे है। रूबी के पूर्व से दो बच्चे है वर्तमान में रूबी स्पा सेंटर में काम करती है। दोनो ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से पीड़ित के साथ सेक्सटॉर्शन कर पैसे ऐंठना चाह रहे थे।

आरोपी महिला पीडित से स्पा सेंटर में मिली, वही से जानकारी बढाकर, पीड़ित को अजमेर रोड जयपुर स्थित होटल में बुला लिया, जहां पर उसका वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 10 लाख रुपए की मांग की। संदीप मूल रूप से सोनीपथ हरियाणा का रहने वाला है और टैक्सी गाडी चलाता है। रुबी मूलतः यूपी और हाल झोटवाड़ा की रहने वाली है।

## सार-समाचार

### सुलभ शौचालय का उद्घाटन किया



**जयपुर।** नगर निगम हैरिटेज महापौर कुसुम यादव ने बुधवार को बड़ी चौपड़ पर सुलभ शौचालय का उद्घाटन किया। इस दौरान महापौर कुसुम यादव ने बताया कि बड़ी चौपड़ जयपुर शहर का सबसे व्यस्त बाजार है। दूर दूर से यहां पर खरीददारी करने लोग आते है। ऐसे में व्यापारियों द्वारा बड़ी चौपड़ पर सुलभ शौचालय की लंबे समय से मांग की जा रही थी। सुलभ शौचालय बनने के बाद आमजन को राहत मिलेगी। इस दौरान अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव, उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, पार्षद अमर गुर्जर, जौहरी बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, सराफा ट्रेडर्स कमेटी अध्यक्ष कैलाश मित्तल, रमेश नारनौली सहित अन्य निगम अधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे।

### लाडलीजी मंदिर में शरद पूर्णिमा पर्व



**जयपुर।** रामगंज बाजार स्थित मंदिर श्री लाडली जी में शरद पूर्णिमा पर ठाकुरजी को मोर, मुकुट, कट काछनी धारण कराई गई। महंत संजय गोस्वामी के सानिध्य में आराध्यदेवी को श्वेत व्यंजनों का भोग लगाया गया। इस अवसर पर समाज पद गायन हुआ, जिसमे आज गोपाल रास रस खेलत, आज नीकी बनी श्री राधिका नागरी तथा रास पंचाध्यायी का सरस गायन हुआ।

### जयपुर जिले की जनसुनवाई आज

**जयपुर।** जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 17 अक्टूबर (गुरुवार) को जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिला की जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला कलक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं समस्त संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि जिलास्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव या प्रभारी सचिव भी जुड़ेंगे। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेंगे। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। इससे पहले गुरुवार को ही जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक प्रातः 10:30 बजे आयोजित की जायेगी। बैठक में समिति में दर्ज प्रकरणों पर गहनता से चर्चा की जायेगी।

### राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 20 को

**जयपुर।** अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति के राष्ट्रीय महामंत्री गोविन्द नाटाणी ने बताया कि अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 20 अक्टूबर को राजकीय महाराजा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय किशनपोल बाजार जयपुर में प्रात 11 बजे आयोजित की जायेगी। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में आगामी 10 नवंबर को संकट मोचन हनुमान मंदिर हनुमान पार्क अम्बाबाडी जयपुर में आयोजित किये जाने वाले दीपावली महोत्सव एवं अन्नकुट महोत्सव के साथ ही आगामी सामाजिक कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत चर्चा की जायेगी। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक विनय कुमार गुप्ता अध्यक्ष रामकिशोर नाटाणी गोपाल लाल नाटाणी श्यामसुंदर नाटाणी ताराचन्द नाटाणी सहित समिति के पूर्व महामंत्री विनोद नाटाणी छोटे लाल नाटाणी कैलाश नाटाणी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### शरद चांदनी उत्सव मनाया

**जयपुर।** श्री प्रेमभाया मंडल समिति द्वारा युगल कुटीर जयलाल मुंशी का रास्ता चांदपोल बाजार में श्री प्रेमभाया सरकार के शरद चांदनी उत्सव मनाया गया। जिसमें श्री प्रेमभाया सरकार के ध्वल पौषाक धारण करा रितु पुष्पों से श्रृंगार कर खीर का भोग लगाया गया रात्रि 8.00 भक्ति संगीत प्रारम्भ हुआ जिसमें गणेश वंदना दीपक शर्मा ने मोहे अपने चरण की शरण दे, जय गणपति गणराज.... राघव खंडेलवाल ने म्हांरी लैरा लाग्यो आवै छै यो मुरली हालो श्याम, जाणै कांई कामण कर दीन्यो यो ओगण गारो श्याम... नरेन्द्र सैनी ने या शरद चांदनी छाई रे मनमोहन बंसी बजाई रे,गोप्या को लगग्यो दाव दौड़ती आई रे.... के साथ अन्य भक्तों ने मध्य रात्रि तक प्रभु की रास रचनाओं को गाकर भक्ति रस बरसाया।

# 'जयपुर जिले में 1000 करोड़ के निवेश करार'

**जयपुर।** "राइजिंग राजस्थान" में जयपुर जिला अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभएगा। जयपुर, जयपुर ग्रामीण और दूदू जिलों की जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट 8 नवंबर को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में आयोजित होगी। मीट के सफल आयोजन के लिए संपूर्ण जिले के उद्यिमयों से संपर्क किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को औद्योगिक क्षेत्र सीतापुरा में एसोसिएशन ऑफ गारमेण्ट एक्सपोर्टर, सीतापुरा के सदस्य एवं पदाधिकारियों के साथ जयपुर में निवेश के संबंध में चर्चा की गई।

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट कुन्तल बिश्नोई की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में गारमेण्ट एक्सपोर्टर एवं व्यसायियों ने 1000 करोड़ से अधिक के निवेश करारों पर हस्ताक्षर किये। बैठक में एजेस के अध्यक्ष आरिफ कागजी, उपाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, महासचिव मोनू करनानी, संस्थापक दलपत लोढ़ा एवं राजीव दीवान के साथ-साथ 30 से अधिक उद्यिमयों द्वारा भाग लिया गया। बैठक में चाकसू के निकट रीको द्वारा प्रस्तावित नए औद्योगिक क्षेत्र में इकाईयां स्थापित करने के रूझान के साथ एजेस के सदस्यों के द्वारा अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, जिला उद्योग केन्द्र एवं रीको के अधिकारियों की उपस्थिति में 1000 करोड़ का निवेश किए जाने के एमओयू हस्ताक्षिरत किए गए। जिनके द्वारा भूमि आवंटन के पश्चात् 2 वर्ष के अन्दर इकाई स्थापित कर लगभग 10 हजार व्यक्तियों को रोजगार एवं लगभग 700 करोड़ का निवेश किया जाना प्रस्तावित किया गया है। इसके अतिरिक्त निजी औद्योगिक क्षेत्र इण्टरनल ग्रीन पार्क जो कि उद्यिमयों द्वारा अपने स्तर से विकसित किया जा रहा है के लिए 300 करोड़ का एमओयू हस्ताक्षिरत किया गया। इस तरीके से बैठक में कुल 1000 करोड़ रूपए के निवेश के लिए एमओयू हस्ताक्षिरत किए गए। संगठन द्वारा बैठक में जानकारी दी गई कि वर्तमान में औद्योगिक क्षेत्र सीतापुरा में लगभग 300 गारमेण्ट की इकाईयां कार्यरत हैं, जिसमें 175 इकाईयां एजेस के सदस्य हैं एवं इनके द्वारा लगभग 1500 करोड़ का व्यापार प्रतिवर्ष किया जा रहा है, जिसमें प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 2 लाख व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है।

# मदन दिलावर ने ली समग्र शिक्षा अभियान की बैठक

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करें। दिलावर बुधवार को शिक्षा संकुल में समग्र शिक्षा अभियान के कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं की सुरक्षा के लिए स्टाफ का ठहराव सुनिश्चित करने, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयां में प्रवेश में घुमंतू जातियों के बच्चों को सम्मिलित करने की नीति बनाने, अधिकारियों को विद्यालयों के निरीक्षण एवं रात्रि विश्राम के लक्ष्य निर्धारित करने, विद्यालयों में सौर ऊर्जा संयन्त्र स्थापित करवाने, व्यावसायिक शिक्षा को व्यावहारिक रूप देने तथा विद्यार्थियों को ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षिणक भ्रमण करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रशिक्षण में नवाचार, स्मार्ट क्लास, निपुण भारत मिशन, रानी लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा प्रशिक्षण की समीक्षा की गई। इस अवसर पर शासन सचिव कृष्ण कुणाल, राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी, आयुक्त मिड-डे मील विश्वमोहन शर्मा मौजूद थे।

# सरस और कृष्णा ब्रांड का 950 लीटर नकली घी जब्त

## मुहाना स्थित ग्राम केश्यावाला में संचालित हो रही थी नकली घी की यह फैक्ट्री; दो आरोपी पकड़े, दो फरार

- **आरोपी फैक्ट्री मालिक को पकड़ने में जुटी पुलिस**

**जयपुर।** मुहाना स्थित ग्राम केश्यावाला में सरस और कृष्णा ब्रांड का 950 लीटर से ज्यादा नकली घी पकड़ा गया है। पुलिस ने नकली घी की इस फैक्ट्री में छापा मारकर दो आरोपियों को भी हिरासत में लिया है, जबकि आरोपी फैक्ट्री मालिक पुलिस की पकड़ से बाहर है। इस मौके पर अतिरिक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण पंकज ओझा उपस्थित रहे।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण पंकज ओझा ने बताया कि जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देशन सरस और कृष्णा ब्रांड के सैंकड़ों लीटर नकली घी को जब्त कर दोनों घी के खाद्य नमूने लेकर जाँच के लिए भेजा गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि नमूने लेने के पश्चात सरस का 500 एमएल और एक लीटर पेकिंग का 585 लीटर घी, कृष्णा का 200 एमएल, 500 एमएल व एक लीटर पेकिंग का कुल 369 लीटर घी, कुल 950 लीटर घी सीज किया गया। इसके अलावा पुलिस को फैक्ट्री में सरस और कृष्णा ब्रांड के बड़ी संख्या में स्टीकर, रैपर और टीन भी मिले हैं।

मुहाना थानाधिकारी मदन लाल ने बताया कि पुलिस द्वारा बुधवार सुबह फैक्ट्री पर छापेमारी की। फैक्ट्री में नकली घी की पैकिंग करते हुए इकरार पुत्र वहीद खान निवासी आगरा और समीर पुत्र शहाबुद्दीन निवासी इटावा को मौके से पकड़ा। दोनों आरोपी डिब्बों में घी भर रहे थे। पुलिस को देखकर उन्होंने भागने का प्रयास भी किया, लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। फैक्ट्री मालिक मनीष गुप्ता पुलिस की पकड़ से बाहर है। इसने 24 दिन पहले ही यह मकान किराए पर लिया था। फैक्ट्री से बड़ी संख्या में सरस और कृष्णा ब्रांड के स्टीकर, रैपर, टीन, सोयाबीन तेल ऐसेंस व पाम ऑयल पाया गया। आरोपित फैक्ट्री से घी की पैकिंग कर इसे शहर की अलग-अलग दुकानों पर 100 रुपए कम दाम में लगभग 400 से 450 रुपए किलो में बेच रहे थे। जिन दुकानों पर नकली घी सप्लाई किया जा रहा था, उन दुकानों की डिटेल खंगाली जा रही है। इसकी जानकारी मिलने के बाद दुकानों को चिन्हित करके उन पर भी कार्यवाही की जायेगी। मामले मे सरस डेयरी द्वारा कॉपीराइट एक्ट के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।

# वेतन-बोनस देने की मांग

**जयपुर।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत ने दीपावली से पूर्व अक्टूबर माह का वेतन दिलाने तथा बोनस की 100 प्रतिशत राशि नगद भुगतान की मांग उठाई है। महासंघ एक शिष्टमंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा।

प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ और प्रदेश महामंत्री देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि अक्टूबर के अंत में दीपावली का त्यौहार होने के कारण कर्मचारियों को परंपरा के अनुसार उत्साह पूर्वक त्यौंहार मनाने के लिए अक्टूबर माह का वेतन 1 नवंबर से पहले 25 अक्टूबर को दिया जाने की मांग की। कोविड काल में सरकार द्वारा आर्थिक गतिविधियां ठप्प होने के कारण बोनस की 25 प्रतिशत राशि जीपीएफ में जमा कर दी थी लेकिन उसके बाद प्रतिवर्ष बोनस की 25 प्रतिशत राशि जीपीएफ में जमा करने की परपंरा सी बन गई। कर्मचारियों को बोनस के नाम पर मात्र 6744 मिलते हैं उसकी भी 25 प्रतिशत राशि भी जीपीएफ में जमा होने से कर्मचारी आक्रोशित है।

# 'वास्तु शास्त्र और मानव जीवन' विषय पर मंथन

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण विद्यापीठ शाहपुरा बाग जयपुर में बुधवार कारे केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली एवं राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण विद्यापीठ के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी "वास्तु शास्त्र एवं मानव जीवन" का शुभारम्भ किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ मां शारदे की वंदना के साथ पधारे अतिथियों को शॉल, पुष्प गुच्छ, श्रीफल व पौधे से स्वागत से किया गया। चार सत्रों में चलने वाली शोध संगोष्ठी में लखनऊ, दिल्ली के साथ अन्य राज्यों से पधारे शोधार्थी व विषय विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के कुलगीत "संस्कृत, संस्कृति, संस्कार त्रिवेणी का यह धाम है, शिक्षा, शिक्षक, शिक्षार्थी की यह यात्रा अभिराम है" का लोकार्पण किया गया। संगोष्ठी के अंतर्गत संस्थान सचिव डॉ. राजकुमार जोशी द्वारा सभी का स्वागत संबोधन किया गया। कुलगीत के रचयिता प्रो.इकराम राजस्थानी ने वास्तु शास्त्र का अपने जीवन में महत्व बताया तथा प्रो. रामसेवक दुबे ने मनुष्य जीवन में वास्तु शास्त्र को चुनौती भरा शास्त्र बताया। प्रो. श्याम देव मिश्र, (केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ) ने सत्यम, शिवम, सुंदरम की अवधारणा को वास्तु शास्त्र द्वारा स्पष्ट किया। प्रो. सांवरमल शास्त्री ने वास्तु शास्त्र के अंतर्गत पांच महाभूतों की महत्ता बताई। अध्यक्ष बृज किशोर शर्मा ने वास्तु शास्त्र का मानव जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावों के बारे में बताया। डॉ. प्रवेश व्यास (श्री लाल बहादुर शास्त्री केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली) डॉ. रामेश्वर दयाल शर्मा, ( केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर) ने वास्तु शास्त्र को मानव जीवन से जोड़कर बताया। जगतगुरु रामानंदाचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति रामसेवक दुबे ने मनुष्य जीवन में वास्तु शास्त्र को चुनौती भरा शास्त्र बताया। प्राचार्य डॉ मनीषा शर्मा ने वास्तु शास्त्र को मानव जीवन शैली की विधा बताते हुए सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# बेरोजगारों को सरकारी नौकरी का झांसा देकर रकम ठगने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने आरोपी दीपक मीणा को गुरूग्राम से डिटेन किया

- **आरोपी ने फर्जी जॉइनिंग लेटर देकर वर्ष 2021 में दो लोगों से 10.70 लाख रु. की ठगी की थी**
- **आरोपी ने जयपुर, दिल्ली, गुडगांव, पटना, कानपुर व अन्य शहरों में फैला रखा है गिरोह**
- **यह गैंग प्रतियागी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बेरोजगार व कमजोर वर्ग के छात्रों को बहला फुसलाकर कर सरकारी जॉब दिलाने के बहाने से राजी कर रकम ऐंठते हैं और फर्जी जॉइनिंग लेटर थमाकर फरार हो जाते हैं**

**जयपुर (कासं)।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने बड़ी कार्रवाई कर बेरोजगार युवकों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर फर्जी जॉइनिंग लेटर थमा लाखों रुपए की ठगी करने वाले शातिर ठग दीपक कुमार मीणा (34) निवासी लक्ष्मणगढ़ (जिला अलवर) को गुरुग्राम से डिटेन कर लिया। जिसे बाद में अग्रिम कार्रवाई के लिए टोंक जिले की बरौनी पुलिस को सौंपा गया। आरोपी पर टोंक एसपी द्वारा 25 हजार का इनाम घोषित है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि एजीटीएफ की टीम 25 हजार के इनामी दीपक मीणा को गुरुग्राम से डिटेन किया गया।

पुलिस ने बताया कि वर्ष 2021 में परिवादी देवी शंकर कीर और विजय सिंह कीर निवासी मुख्तयार नगर थाना बरौनी टोंक ने एक रिपोर्ट थाना बरौनी पर दर्ज कराई कि दीपक कुमार मीणा, मनराज कीर व हंसराज कीर ने एफसीआई एवं भारतीय डाक विभाग में भर्ती कराने के नाम पर फर्जी जॉइनिंग लेटर देकर 10 लाख 70 हजार रुपये अपने खाते में जमा करवा ठगी की है। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर बरौनी पुलिस ने अनुसंधान के दौरान आरोपी मनराज व हंसराज निवासी मुख्त्यार नगर को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी दीपक मीणा प्रकरण दर्ज होने के बाद से ही फरार हो गया।

प्रकरण दर्ज होने के बाद ही मुख्य आरोपी दीपक मीणा अपने निवास स्थान से फरार हो गया। फरारी के दौरान भी बेरोजगार युवको से अपनी टीम के माध्यम से ठगी का कार्य कर रहा था। आरोपी दीपक बहुत ही शातिर किस्म का है। वह न तो अपने पास मोबाइल रखता है और ना ही किसी सोशल मीडिया का प्रयोग करता है। आरोपी अपने साथी सदस्य के मोबाइल से ही सोशल मीडिया एप काम में लेता है। किसी भी टीम मेंबर को अपने साथ 10 से 15 दिन से ज्यादा नहीं रखता है। गांव से भागने के बाद आरोपी दीपक गुड़गांव, दिल्ली, पटना, कानपुर व अन्य शहरों में टीम के सदस्यों के साथ रहने लगा।

दीपक मीणा शातिर किस्म का बदमाश है, मुल्जिम पिछले 2 साल से अपने गांव भी नहीं आ रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी टोंक द्वारा 25 हजार का इनाम घोषित किया गया। एजीटीएफ टीम द्वारा परंपरागत पुलिसिंग व मुखबिरों की सूचनाओं के आधार पर इसकी गुड़गांव, दिल्ली, कानपुर व पटना में तलाश की गई। तलाश के दौरान मंगलवार को एजीटीएफ टीम के हैड कांस्टेबल कमल डागर और हैड कांस्टेबल सुरेश कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि दीपक मीणा पालम विहार गुरुग्राम में किसी से मिलने आ रहा है। सूचना पर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर टीम के सदस्य कमल डागर, सुरेश कुमार व चालक श्रवण कुमार गुरुग्राम पहुंचे। जहां पर दीपक मीणा अपने टीम के किसी सदस्य से मिलने आया हुआ था, जिसे डिटेन किया जाकर पुलिस थाना बरौनी को सुपुर्द किया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने बेरोजगार लोगों से ठगी करने के लिए इस गिरोह ने विभिन्न शहरों में नेटवर्क फैला रखा है। गिरोह के सदस्य जयपुर, दिल्ली, गुडगांव, पटना, कानपुर व अन्य शहरों में रहकर वहां पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बेरोजगार व कमजोर वर्ग के छात्रों को सरकारी जॉब दिलाने के बहाने से राजी कर रुपये प्राप्त कर उन्हें फर्जी जॉइनिंग लेटर देते हैं।

# "कैंसर जांच आपके द्वार अभियान" को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड सम्मान मिला

**जयपुर (कासं)।** भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र और कैंसर केयर महिला प्रकोष्ठ का 27वां स्थापना दिवस समारोह बुधवार को चिकित्सालय परिसर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर एवं विषिष्ट अतिथि प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गायत्री राठौड़ ने चिकित्सालय की ओर से चलाए जा रहे निःशुल्क कैंसर जांच एवं जागरूकता अभियान "कैंसर जांच आपके द्वार" की द्वितीय मोबाइल यूनिट का उद्घाटन किया। इस मौके पर चिकित्सालय के कैंसर जांच आपके द्वार अभियान को अंतरराष्ट्रीय सम्मान "वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड" से सम्मानित किया गया। यह रिकॉर्ड वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन के राजस्थान के वाइस प्रेसिडेंट प्रथम भल्ला की ओर कैंसर जांच आपके द्वार अभियान की संरक्षिका अनिला कोठारी को दिया। इस अभियान में जनवरी 2023 से अक्टूबर 2024 तक 215 कैम्प लगाकर 20851 लोगों की जांच की गई।